राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, की समीक्षा बैठक आयोजित

समयबद्ध अभियान चलाकर रेडक्रॉस को प्रभावी बनाएं – राज्यपाल

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश में समयबद्ध अभियान चलाकर रेडक्रॉस सोसायटी को प्रभावी करने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र सोमवार को यहां राजभवन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान शाखा के अध्यक्ष के तौर पर समीक्षा बैठक में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के प्रति आमजन के मन में विश्वसनीयता का भाव होता है। इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए फर्स्ट एड, चिकित्सा एवं राहत गतिविधियों का सुचारू संचालन किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में सदस्यता अभियान चलाकर रेडक्रॉस की प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का विस्तार किया जाए। उन्होंने रेडक्रॉस राज्य इकाई की कार्यकारिणी का जनवरी माह तक गठन करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना के नए वेरियंट ओमिक्रॉन के मामले सामने आने के बाद कोरोना गाइडलाइन की तत्परता से पालना करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक लोगों को मास्क पहनने, सेनेटाइजेशन और सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करने के लिए जागरूक कर इस चुनौती से निपटने में सहयोग करें।

राज्यपाल ने रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने और गतिविधियों में पैट्रन, आजीवन सदस्य, सम्बद्ध सदस्य सहित सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव द्वारा जिला कलक्टरों की नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिलों में रेडक्रॉस के माध्यम से कोविड, फर्स्ट एड और उपचार से जुड़ी गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए जाएं।

प्रमुख शासन सचिव (वित्त) श्री अखिल अरोड़ा ने समीक्षा बैठक के दौरान रेड क्रॉस सोसायटी राजस्थान की आय में वृद्धि और सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने अपने सम्बोधन में बताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राज्य के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू प्रक्रियाधीन हैं, जिसके बाद विद्यार्थी रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़ सकेंगे।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान शाखा के प्रशासक श्री सुधीर कुमार शर्मा ने सोसायटी की गतिविधियों, संसाधनों और जिलों में कार्यकारिणी गठन की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

समीक्षा बैठक के दौरान सांगानेरी गेट स्थित रेड क्रॉस अस्पताल का सुधार कर वहां मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी और लैब को सुचारू करने पर जोर दिया गया। साथ ही, इसे मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना और मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। रेडक्रॉस के बारे में जागरुकता लाने के लिए सोशल मीडिया के उपयोग और दूसरे राज्यों में रेडक्रॉस गतिविधियों का अध्ययन कर प्रदेश के अनुकूल गतिविधियों को यहां लागू करने का सुझाव भी आया।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान शाखा के पदाधिकारी और राजभवन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

——